**CCE PF**
**REVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್, 2018

**S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH/APRIL, 2018**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2018 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 04. 04. 2018 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क** | |
| | **( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )** | |
| I. 1. | सिंगफो आदिवासी कहाँ के निवासी थे ? | |
| | **उत्तर :** पूर्वोत्तर भारत के निवासी थे । | 1 |
| 2. | 'समय की पहचान' कविता में कवि ने किस पर विश्वास करने को कहा है ? | |
| | **उत्तर :** आत्मा / अपने आप पर विश्वास करने को कहा है । | 1 |
| 3. | कलाम और जलालुद्दीन किस विषय पर बात करते थे ? | |
| | **उत्तर :** आध्यात्मिक विषय पर । | 1 |
| 4. | इंटरनेट बैंकिंग से क्या लाभ है ? | |
| | **उत्तर :** दुनिया में किसी भी जगह चाहे जितनी रकम भेजी जा सकती है / खरीदारी कर सकते ह / बिल भर सकते हैं । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 5. | पवन का ताप किसके हुक्म पर चढ़ता-उतरता है ? | |
| | **उत्तर :** मानव के हुक्म पर । | 1 |
| 6. | परसाई जी को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया था ? | |
| | **उत्तर :** सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए / ईमानदारों को प्रेरणा देने के लिए। | 1 |
| 7. | बालकृष्ण किसस शिकायत करता है ? | |
| | **उत्तर :** माता यशोदा से । | 1 |
| 8. | गोताखोर सिंधु में डुबकियाँ क्यों लगाता है ? | |
| | **उत्तर :** मोती पाने के लिए । | 1 |
| 9. | मनुष्य के बहाने बनाने का क्या कारण है ? | |
| | **उत्तर :** आलस्य । | 1 |
| II. 10. | सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : | |
| | **'क'** — **'ख'** | |
| | अ) सेब — i) चुगलखोर | |
| | आ) मकान की छत — ii) हाथी के पैर जैसे | |
| | इ) रोबोनिल — iii) साधारण रोबोट | |
| | ई) बलराम — iv) रंगदार, गुलाबी | |
| | उ) पहनन के कपड़े — v) भोला-भाला | |
| | vi) बुद्धिमान रोबोट | |
| | vii) मछली की पीठ जैसी | |
| | viii) सिरहाने दबाया । | |
| | **उत्तर :** | |
| | अ) iv) रंगदार, गुलाबी | 1 |
| | आ) vii) मछली की पीठ जैसी | 1 |
| | इ) vi) बुद्धिमान रोबोट | 1 |
| | ई) i) चुगलखोर | 1 |
| | उ) viii) सिरहाने दबाया । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | अनुरूपता : | |
| 11. | मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ....................... | |
| | **उत्तर :** व्यंग्य रचना | 1 |
| 12. | महादेवी वर्मा : प्राणी दया की प्रेरणा : : पंडित राजकिशोर : ....................... | |
| | **उत्तर :** परोपकार की प्रेरणा / मानवीयता की प्रेरणा | 1 |
| 13. | तेनजिंग नोर्गे : एवरेस्ट पर चढ़ने वाला प्रथम पुरुष : : जुंके ताबी : ....................... | |
| | **उत्तर :** एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला | 1 |
| 14. | आधुनिक तकनीक का परिचय : रोबोट : : आधुनिक मानव का परिचय : ..................... | |
| | **उत्तर :** अभिनव मनुष्य | 1 |
| 15. | समय की पहचान : सियारामशरण गुप्त : : मातृभूमि : .................... | |
| | **उत्तर :** भगवतीचरण वर्मा । | 1 |
| IV. | **दो** या **तीन** वाक्यों में उत्तर : | |
| 16. | 'कश्मीरी सेब' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ? | |
| | **उत्तर :** | |
| | दुकानदार से सामान खरीदते समय हमें सावधानी रखनी चाहिए । हमारी उपेक्षा धोखा होने की संभावना को बढ़ाती है । | 2 |
| 17. | कलाम जी का बचपन बड़ी निश्चिंतता और सादगी में कैसे बीता ? | |
| | **उत्तर :** | |
| | कलाम के पिता ऐशो-आराम की चीजों से दूर रहने वाले, आडंबरहीन व्यक्ति थे । घर पर सभी आवश्यक चीजें समुचित मात्रा में सरलता से उपलब्ध थीं । | 2 |
| 18. | सोशल नेटवर्किंग साइट्स का समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? | |
| | **उत्तर :** | |
| | दश-विदेश के लोगों के रहन-सहन, वेशभूषा, खान-पान, सस्कृति-कला आदि का अनुकरण हो रहा है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 19. | बिछेंद्री पाल का बचपन कैसे बीता ?<br>**उत्तर :**<br>बचपन में बिछेंद्री को रोज 5 कि. मी. पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था । वे कठोर परिश्रम करती थीं । सिलाई का काम सीख कर पैसे जुटाए । यह उनकी पढ़ाई के खर्च में काम आया । | 2 |
| 20. | 'बाल-शक्ति' टोली ने गाँव की सफाई के लिए क्या-क्या काम किया ?<br>**उत्तर :**<br>गाँव के गड्ढों को मिट्टी से ढँका / भरा । गाँव का कूड़ा डालने के लिए निश्चित जगह बनाकर, सबको वहीं कूड़ा डालने को कहा । गाँव को हरा-भरा रखने के लिए चारों तरफ पेड़-पौधे लगाए । | 2 |
| 21. | दिनकर जी ने आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कैसे किया है ?<br>**उत्तर :**<br>आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय पा ली है । उसने जल, विद्युत, भाप, वायु पर अपना नियंत्रण बना लिया है । वह नदी, पर्वत, सागर सबको समान रूप से लाँघ सकता है । | 2 |
| 22. | समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?<br>**उत्तर :**<br>समय महत्वपूर्ण और उपयोगी है । अपना काम बिना टाले उसी समय पूरा करना चाहिए । आलस्य त्याग कर, समय को अमूल्य धन मानकर कार्य करने से जीवन सफल होता है । | 2 |
| 23. | कृष्ण के क्रोध को यशोदा कैसे शांत करती है ?<br>**उत्तर :**<br>यशोदा कहती है – बलराम तो जन्म से ही धूर्त है, चगलखोर है । वह गोधन की कसम खाकर कहती है कि मैं ही तुम्हारी माता हूँ, तुम मेरे पुत्र हो । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | रोबोनिल क्या-क्या काम करता था ?<br>**उत्तर :**<br>सुबह नाश्ता कराने, मेहमानों के स्वागत में दरवाजा खोलने, घर के बच्चों को कहानियाँ सुनाने, उनके होमवर्क में मदद करने तथा सक्सेना जी के वर्ड प्रोसेसर पर काम करने के अलावा उनके कुत्ते को घुमाने का काम भी करता था । ( कोई तीन अंश ) | 2 |
| 25. | राम नाम के जाप से क्या होता है ? उदाहरण सहित लिखिए ।<br>**उत्तर :**<br>घर की चौखट ( देहरी ) पर दोया ( दीप ) रखने से जिस प्रकार घर के आँगन और भीतर प्रकाश फैलता है, उसी प्रकार राम-नाम के जाप से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है । | 2 |
| 26. | लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाए ?<br>**उत्तर :**<br>लेखिका गिल्लू को धीरे से उठाकर अपने कमरे में लायी । रूई से उसका रक्त पोंछा और उसके घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया । | 2 |
| 27. | लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?<br>**उत्तर :**<br>लालिम और किंचा लालीदाम ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे किंतु उन्हें मुश्किल यह थी कि वे मकान कैसे बनाएँ, यह नहीं जानते थे । इसलिए पशुओं से पूछ-ताछ करने के लिए वे जंगल की ओर चल पड़े । | 2 |
| 28. | शनि ग्रह का वायुमंडल किन गैसों से बना है ?<br>**अथवा**<br>सौरमंडल में शनि ग्रह का क्या स्थान है ?<br>**उत्तर :**<br>हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन और एमोनिया गैसों से बना है ।<br>**अथवा**<br>सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि ग्रह की कक्षा है । शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 29. | झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है ?<br>**अथवा**<br>मीना मेडम ने बच्चों को क्या संदेश दिया ?<br>**उत्तर :**<br>अपमानित होना पड़ता है । व्यक्ति के विकास के मार्ग में बाधक होता है । व्यक्तित्व कुंठित होता है । लोगों का उस पर से विश्वास उठ जाता है । उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं । ( कोई 3 अंश )<br>**अथवा**<br>मीना मैडम ने बच्चों से कहा – आज से नहीं, अभी से आप कर्तव्यों का पालन शुरू कीजिए । इससे आपका हित तो होगा ही, दश का कल्याण भी होगा । | 2 |
| V. | **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : | |
| 30. | लेखिका की गैरहाजरी में गिल्लू ने दिन कैसे बिताए ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :**<br>गिल्लू अपना प्रिय खाद्य काजू बहुत कम खाता था । लेखिका के कमरे का दरवाजा खुलते ही वह अपने झूले से उतरकर दौड़ता फिर किसी दूसरे को देखकर उदास हो वापस अपने घोंसले में जा बैठता । | 3 |
| 31. | बसंत की ईमानदारी का परिचय सोदाहरण दीजिए ।<br>**उत्तर :**<br>बसंत गरीब किंतु स्वाभिमानी लड़का था । पंडित राजकिशोर को छलनी बेचकर उनका नोट भुनाने गया । वह मोटर से दुर्घटनाग्रस्त हो गया । फिर भी होश आते ही अपने भाई को पंडित राजकिशोर के पैसे लौटाने भेजा । | 3 |
| 32. | 'मातृभूमि' कविता में प्रकृति सौंदर्य कैसे वर्णित है ?<br>**उत्तर :**<br>मातृभूमि के हरे-भरे सुहाने खेत प्रकृति की शोभा बढ़ाते हैं । यहाँ फल-फूलों से युक्त बाग-बगीचे तथा वन हैं । इस धरती में खनिजों की अपार सम्पदा है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 33. | कलेक्टर साहब ने बच्चों की प्रशंसा क्यों की ?<br>**उत्तर :**<br>कलेक्टर साहब गाँव को साफ-सुथरा देख-कर बड़े प्रसन्न हुए । उन्होंने कहा कि गाँव का नया जीवन मिला है जो बच्चों की टोली के श्रम का परिणाम है । इससे गाँव को स्वच्छ वातावरण मिला है तथा आदर्श गाँव बना है । इसलिए बच्चों की प्रशंसा की । | 3 |
| 34. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।<br>साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।।<br>**उत्तर :**<br>मनुष्य पर जब विपत्ति पड़ती है, तब उसकी विद्या, विनय तथा विवेक ही उसका साथ निभाते हैं । राम पर भरोसा करने वाला साहसी, सुकृतवान और सत्यव्रती बनता है । | 3 |
| VI. | **चार** या **पाँच** वाक्यों में उत्तर : | |
| 35. | कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।<br>**अथवा**<br>कन्नड़ भाषा एवं संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :**<br>कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है । बादामी, अयहोले, पट्टदकल्लु के मंदिरों में उत्कृष्ट शिल्पकला देखी जा सकती है । बेलूरु, हलेबीडु, सोमनाथपुर मंदिर की पत्थर की मूर्तियाँ बड़ी सजीव लगती हैं । ये हमें रामायण, महाभारत, पुराणों की याद दिलाते हैं । श्रवणबेलगोल की एक शिला प्रतिमा सुंदर शिल्प का उदाहरण है । | 4 |
| | **अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ आदि संत कवियों के वचन प्रेम, दया और धर्म की सीख देते हैं ।<br>* पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति और सदाचार के गीत गाए हैं ।<br>* पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड़ साहित्य को समृद्ध किया है ।<br>* आधुनिक काल के आठ दिग्गज साहित्यकारों ने ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कर कन्नड़ भाषा, संस्कृति और कर्नाटक के गौरव को बढ़ाया है । | |
| 36. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ..............................................<br>..............................................................<br>..............................................................<br>............................................ भागो तुम ।<br>**अथवा**<br>मुखिया ................................................ ।<br>.............................................. विवेक ।।<br>**उत्तर :**<br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो ।<br>क्या कमी रह गयी, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम ।<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर, मत भागो तुम ।।<br>**अथवा**<br>मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान को एक ।<br>पालै-पोस सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ख** | |
| | **( व्याकरण )** | |
| VII. 37. | 'नीति' शब्द का अन्य वचन है — | |
| | **उत्तर :** (A) नीतियाँ | 1 |
| 38. | 'अमीर' का विलोम शब्द है — | |
| | **उत्तर :** (C) गरीब | 1 |
| 39. | निम्न में से पुल्लिंग शब्द है — | |
| | **उत्तर :** (C) हाथी | 1 |
| 40. | 'परमौषध' शब्द में संधि है — | |
| | **उत्तर :** (B) वृद्धि | 1 |
| 41. | गाड़ी आने ..................... देर है । | |
| | इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा — | |
| | **उत्तर :** (D) में | 1 |
| 42. | **क्या तुम थक गई हो** | |
| | इस वाक्य के लिए सही विराम चिह्न है — | |
| | **उत्तर :** (A) प्रश्नवाचक | 1 |
| 43. | निम्न में 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है — | |
| | **उत्तर :** (B) रात-दिन | 1 |
| 44. | दिए गए शब्दों में 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया' का शब्द है — | |
| | **उत्तर :** (D) सिखाना | 1 |
| 45. | 'आहार' का समानार्थक शब्द है — | |
| | **उत्तर :** (B) भोजन | 1 |
| 46. | 'जो कभी न मरे' इसके लिए एक शब्द है — | |
| | **उत्तर :** (C) अमर । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ग** | |
| | **( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र-लेखन और निबंध )** | |
| VIII. | अपठित गद्यांश : | |
| 47. | दूसरों को प्रायः सुख कैसे मिलता है ? | |
| | **उत्तर :** उन्हें दूसरों के जीवन का अनुसरण करने में सुख मिलता है । | 1 |
| 48. | अंधानुकरण से क्या तात्पर्य है ? | |
| | **उत्तर :** अपनी ताकत को न पहचान कर दूसरों के पीछे निरुद्देश्य चलना अंधानुकरण है । | 1 |
| 49. | सड़क के किनारे पड़े पत्ते कैसे हैं ? | |
| | **उत्तर :** कमजोर और निर्जीव थे । | 1 |
| 50. | मनुष्य जीवन में ऊँचाइयों तक कैसे पहुँच सकता है ? | |
| | **उत्तर :** निज-बल से । | 1 |
| 51. | प्रगति के लिए मनुष्य को कैसे आगे बढ़ना चाहिए ? | |
| | **उत्तर :** समय के साथ निज-बल से आगे बढ़ना चाहिए । | 1 |
| IX. | अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में : | |
| 52. | एक सेब भी खाने लायक नहीं था । | |
| | **उत्तर :**<br>ಒಂದು ಸೇಬು ಕೂಡ ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾಗಿರಲಿಲ್ಲ.<br>Not even a single apple was good to eat. | 1 |
| 53. | स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुआ । | |
| | **उत्तर :**<br>ನಿಲ್ದಾಣದಲ್ಲಿ ನನಗೆ ಅದ್ದೂರಿಯಾದ ಸ್ವಾಗತ ದೊರೆಯಿತು.<br>I received a grand welcome at the station. | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 54. | कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಮರಗಳು ಹೇರಳವಾಗಿವೆ. | |
| | Sandalwood trees are large in numbers in Karnataka. | 1 |
| 55. | तालाब में एक मछली तैर रही थी । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಕೆರೆಯಲ್ಲಿ / ಕೊಳದಲ್ಲಿ ಮೀನೊಂದು ಈಜುತಿತ್ತು. | |
| | A fish was swimming in the pond. | 1 |
| 56. | दुकानदार ने मुझसे क्षमा माँगी । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಅಂಗಡಿಯವನು ನನ್ನಲ್ಲಿ ಕ್ಷಮೆಯಾಚಿಸಿದನು. | |
| | The Shopkeeper apologized with me. | 1 |
| X. 57. | अपने भाई की शादी का कारण देते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए । | |
| | **अथवा** | |
| | शैक्षिक प्रवास के लिए पिता से 2,000 रुपए माँगते हुए उन्हें एक पत्र लिखिए । | |
| | पत्र लेखन । | |
| | **उत्तर :** | |
| | औपचारिक पत्र : | |
| | प्रषक का पता और दिनांक | 1 |
| | पत्र पाने वाले का पता | $\frac{1}{2}$ |
| | विषय व संबोधन | 1 |
| | पत्र का कलेवर | 2 |
| | समाप्ति । | $\frac{1}{2}$ |
| | **अथवा** | |
| | **उत्तर :** | |
| | अनौपचारिक पत्र : | |
| | प्रेषक का पता और दिनांक | 1 |
| | संबोधन और अभिवादन | 1 |
| | पत्र का कलेवर | 2 |
| | समाप्ति और पाने वाले का पता | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XI. 58. | दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए | |
| | क) जनसंख्या वृद्धि की समस्या | |
| | ∗ अर्थ | |
| | ∗ वृद्धि के कारण और परिणाम | |
| | ∗ नियंत्रण के उपाय | |
| | ∗ उपसंहार । | |
| | ख) मेरा कर्नाटक महान | |
| | ∗ विषय प्रवेश | |
| | ∗ प्राकृतिक स्वरूप | |
| | ∗ विशेषता | |
| | ∗ उपसंहार । | |
| | ग) इंटरनेट से लाभ | |
| | ∗ अर्थ | |
| | ∗ उपयोग | |
| | ∗ वर्तमान आवश्यकता | |
| | ∗ उपसंहार । | |
| | निबंध : | |
| | **उत्तर :** | |
| | प्रस्तावना / विषय प्रवेश | 1 |
| | विषय विस्तार | 2 |
| | उपसंहार | 1 |
| | भाषा का प्रयोग । | 1 |